U-451

M.A. (Prev.) Examination 2021

HINDI LITERATURE

Paper - I

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Time Allowed : **Three Hours**

Maximum Marks : **100**

Note : This questions paper contains three sections as under :

खण्ड–अ ***Max. Marks-10***

इस खण्ड में एक अनिवार्य प्रश्न है जिसमें 10 लघु प्रश्न हैं। प्रत्येक लघु प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक न हों। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड–ब ***Max. Marks-50***

इस खण्ड में 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुए, कुल 05 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड–स ***Max. Marks-40***

इस खण्ड में 04 प्रश्न हैं, प्रश्नों के भाग हो सकते हैं। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न करना होगा। कुल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

https://pyqlelo.com

खण्ड–अ

1 निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं–

(i) राहुल सांकृत्यायन ने वीरगाथा काल को किस नाम से पुकारा ?

(ii) दो प्रमुख रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए।

(iii) सूफी मत के अनुसार सूफी साधना के चार अंगों के नाम बताइए।

(iv) संत साहित्य की भाषा किस नाम से पुकारी जाती है ?

(v) तुलसीदास की दो प्रसिद्ध रचनाओं के नाम लिखिए।

(vi) आचार्य शुक्ल ने रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना ?

(vii) भारतेन्दु द्वारा निकाली गयी दो पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(viii) कामायनी के रचयिता का नाम लिखिए।

(ix) हिन्दी का पहला उपन्यास किसे माना जाता है।

(x) प्रसाद युग के नाटकों की दो विशेषताएँ बताइए।

खण्ड–ब

इकाई–I

2 'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति बताते हुए, रासो काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3 आदिकालीन साहित्य का वर्गीकरण करते हुए सिद्ध साहित्य के प्रमुख कवियों का नामोल्लेख कीजिए एवं सिद्ध साहित्य की विशेषताएँ बताइए।

इकाई–II

4 भक्ति आन्दोलन के विकास का विवेचन करते हुए भक्त कवियों पर उसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

5 प्रेममार्गी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

इकाई–III

6 'सूरदास' की काव्यकला का विवेचन कीजिए।

https://pyqielo.com

7 रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

इकाई–IV

8 'भारतेन्दु हरिशचन्द्र हिन्दी–साहित्य में नवजागरण के अग्रदूत थे।' वाक्य को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

9 'नयी कविता' से आप क्या समझते हैं ? नामकरण को स्पष्ट करते हुए, उत्पत्ति के कारणों को समझाइए।

इकाई–V

10 हिन्दी आलोचना को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की देन को स्पष्ट कीजिए।

11 हिन्दी उपन्यास के उद्‌भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए।

खण्ड–स

12 'हिन्दी साहित्य' के इतिहास–लेखन की समस्याओं पर विचार कीजिए।

13 संत काव्य परम्परा में कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।

14 रीतिकालीन काव्य की विभिन्न प्रवृत्तियों का परिचय देते हुए रीति काव्य की हिन्दी साहित्य को देन स्पष्ट कीजिए।

15 स्वान्त्र्योत्तर हिन्दी कहानी की प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

---

https://pyqlele.com